# यूपी में 25 लाख को मिलेगा मुफ्त सोलर पैनल

**योजना**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त सोलर बिजली योजना का लाभ सबसे अधिक उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिलेगा। केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के छतों पर सोलर पैनल लगाने का जो लक्ष्य तय किया है, उसमें अकेले 25 फीसदी हिस्सेदारी यूपी को दी गई है। यूपी के 25 लाख उपभोक्ता इस योजना से आच्छादित किए जाएंगे।

केंद्र सरकार ''पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना'' पर 75 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। सोलर पैनल लगवाने वाले उपभोक्ताओं को हर माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली के साथ ही पैनल लगाने में केंद्र व राज्य सरकार की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। सब्सिडी का लाभ सिर्फ घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को दिया जाना है। यूपीनेडा ने केंद्र सरकार द्वारा तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए बिजली वितरण कंपनियों को लक्ष्य वितरित कर दिया है। यूपीनेडा ने इसके लिए सभी सेंटरों पर वेंडर इम्पैनलमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यूपीनेडा के पास इस समय 501 वेंडर पंजीकृत हैं।



**25** फीसदी लक्ष्य यूपी को मिला भारत सरकार की इस योजना में

**75** फीसदी सब्सिडी मिलेगी एक व दो किलोवाट का पैनल लगवाने पर

> योजना के तहत भारत सरकार के पोर्टल और इसके लिए बनाये गए मोबाइल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ ही उपभोक्ता वेंडर भी चयनित करेंगे। पैनल लग जाने और मीटर से जुड़ जाने की प्रक्रिया के बाद इस योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से उपभोक्ता के खाते में भेजी जाएगी।
>
> **महेश कुमार गुप्ता**, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा

## एक किलोवाट पैनल पर 15 हजार रुपये खर्च

इस योजना के तहत यदि कोई उपभोक्ता एक किलोवाट का सोलर पैनल लगवाता है तो उसे महज 15 हजार रुपये अपने पास से खर्च करने होंगे। कुल 60 हजार की लागत में 30 हजार रुपये केंद्र और 15 हजार रुपये राज्य सरकार से सब्सिडी मिलेगी। एक किलोवाट और दो किलोवाट के पैनल पर लागत का 75 फीसदी सब्सिडी दिए जाने की व्यवस्था है। तीन किलोवाट के पैनल पर सब्सिडी 60 फीसदी, चार किलोवाट पर 45 फीसदी, पांच किलोवाट पर 36 फीसदी सब्सिडी का इंतजाम है। किलोवाट बढ़ने के साथ ही सब्सिडी की दर कम होती जाएगी। 10 किलोवाट के पैनल पर कुल 18 फीसदी सब्सिडी दी गई है।